# अधिकारियों-कर्मचारियों पर नजर रखेगी सरकार

## मंत्रालय से लेकर अब जिलों में भी लागू होगा बायोमैट्रिक अटैंडेंस सिस्टम



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 28 अगस्त. सरकारी दफ्तरों में अधिकारियों-कर्मचारियों की लेटलतीफी पर अब सरकार सख्त होने जा रही है. शासकीय सेवकों के आने-जाने के समय पर निगरानी के लिए निगाहें और पैनी करने की तैयारी की जा रही है.**

इसके तहत अब तक मंत्रालय से लेकर मैदान तक के अधिकारियों- कर्मचारियों पर नजर रखी जाएगी. राज्य सरकार अब सरकारी कार्यालयों में बायोमैट्रिक अटैंडेंस की व्यवस्था को पूरी तरह अनिवार्य करने की तैयारी में है. इसके लिए अब जिला स्तर पर भी बायोमैट्रिक अटैंडेंस की व्यवस्था लागू की जाएगी.

सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में तैयारी शुरू कर दी है. इसके तहत जिला स्तर के सभी कलेक्टर कार्यालयों के साथ ही अलग- अलग विभागों के उप संचालक स्तर कार्यालयों में ये सिस्टम लागू किया जाएगा. जिससे कि शासकीय सेवकों की आवाजाही के समय को नियंत्रित किया जा सके. अभी केवल मंत्रालय में ही ये व्यवस्था लागू की गई है. इसके अलावा चुनिंदा सरकारी कार्यालयों में ही ये व्यवस्था लागू है. दरअसल प्रदेश में सरकारी कार्यालयों में उपस्थिति के लिए जो समय निर्धारित किया गया है, उस समय से शासकीय सेवक एक से दो घंटे की देरी से पहुंचते हैं. सरकारी कार्यालयों में तय समय के मुताबिक प्रात: 10 बजे पहुंचना होता है. लेकिन कई दफ्तर दिन के 11 बजे तक भी सुने रहते हैं. इधर शाम का 6 बजे से पहले ही शासकीय सेवक दफ्तर छोड़ना शुरू कर देते हैं. कई शासकीय कार्यालयों में तो अपरान्ह 4 बजे से ही ऑफिस खाली होने लगते हैं. इस तरह की शिकायतें राज्य सरकार को लगातार मिल रही है. दरअसल राज्य सरकार जन-विश्वास अभियान चला रही है, उसमें जमीनी स्तर पर आम लोगों की शिकायतें मिल रही है, उसमें ये भी एक बड़ी शिकायत बनकर सामने आई है कि जब शासकीय कामों से आम लोग सरकारी

> माह के प्रथम कार्यदिवस पर मंत्रालय परिसर के बाहर स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल पार्क में यह गायन होता है, जिसमें मंत्रालय के साथ ही सतपुड़ा और विंध्याचल के अधिकारी- कर्मचारी भी मौजूद रहते हैं. इस कार्यक्रम को गरिमामय बनाने के लिए एक मंत्री की उपस्थिति अनिवार्य रूप से होती है, वहीं मुख्य सचिव के अलावा मंत्रालय के आला अधिकारी भी शामिल होते हैं, लेकिन उस समय हास्यास्पद स्थिति बन जाता है, जब लगभग 3500 से अधिक शासकीय अधिकारी- कर्मचारियों की मौजूदगी वाले इन तीनों भवनों से 300 अधिकारी- कर्मचारी भी राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत के गायन के दौरान नहीं पहुंचते.

कार्यालय पहुंचते हैं तो संबंधित अधिकारी- कर्मचारी सीटों पर मिलते नहीं. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस मामले को गंभीरता से लिया है. लिहाजा अब सख्ती की तैयारी की गई है. इससे पहले ये व्यवस्था सतपुड़ा और विंध्याचल भवनों में लागू की जाएगी. दरअसल इन दोनों ही भवनों में लगभग एक दर्जन विभागाध्यक्ष कार्यालय हैं.

# सीएम आज लांजी में उत्कृष्ट विद्यालय का करेंगे निरीक्षण

**मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान**

**बीमारी से पीड़ित परिवारों से भी मिलेंगे**

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 28 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 29 अगस्त बालाघाट जिले के लांजी में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कन्या छात्रावास एवं उत्कृष्ट विद्यालय का निरीक्षण करेंगे.**

उत्कृष्ट विद्यालय में प्रबुद्धजनों एवं मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद भी करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव लांजी के पास ग्राम कोरका, बोंदारी भी जाएंगे. वे इन गांवों में बिमारी से पीड़ित परिवारों से मिलेंगे.

डॉ. यादव 29 अगस्त को प्रात: 8.40 बजे इंदौर से वायुयान द्वारा प्रस्थान कर प्रात: 9.50 बजे बिरसी-गोंदिया हवाई पट्टी पहुचेंगे और वहां से प्रात: 10 बजे लांजी के लिए रवाना होंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रात: 10.30 बजे लांजी से कोरका के लिए प्रस्थान करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रात: 11.20 बजे कोरका पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे. दोपहर 12.20 बजे वे कोरका से लांजी के लिए प्रस्थान करने के बाद अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे.

## एक नजर में

### भिण्ड में 70 घनमीटर अवैध रेत नष्ट कराई

**भिण्ड.** जिले के लहार अनुभाग के ग्राम लिलवारी में खनिज विभाग ने अवैध रूप से भंडारित रेत के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 70 घनमीटर रेत का मौके पर ही विनिष्टीकरण कराया. विभागीय टीम को खदान के पास रेत के अवैध भंडारण के ढेर मिले थे. जांच के बाद रेत को मिट्टी में मिलाकर नष्ट कराया गया, ताकि उसका दोबारा अवैध उपयोग या परिवहन नहीं किया जा सके. बताया गया कि रेत को अवैध रूप से जमा कर बेचने अथवा परिवहन करने की तैयारी की जा रही थी। जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए खनिज विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है.

### हथकड़ी समेत आरोपी बाइक से कूदकर फरार

**बड़वानी.** पुलिस अभिरक्षा में ले जाया जा रहा 22 वर्षीय आरोपी गुरुवार को चलती मोटरसाइकिल से कूदकर फरार हो गया. आरोपी के अचानक कूदने से मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया और दो आरक्षक सड़क पर गिरकर घायल हो गए. आरोपी के हाथ में हथकड़ी लगी थी. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर ने बताया कि जुलवानिया निवासी शुभम मानकर को जुलवानिया पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 के तहत गिरफ्तार किया था. आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद उसे एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया, जहां से बड़वानी केंद्रीय जेल भेजने के आदेश दिए गए थे.

# संत श्री निजानंद धाम आश्रम पहुंचे सीएम

## शिवमंदिर में रुदाभिषेक कर षोडशोपचार पूजन किया



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 28 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर खाचरौद के ग्राम चिरोला फंटा में स्थित संत श्री निजानंद धाम आश्रम पहुंचे. आश्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूजा-अर्चना कर श्री श्री 1008 सचिदानंद महाराज की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आश्रम स्थित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक कर षोडशोपचार पूजन भी किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संत श्री निजानंद महाराज के गादी पर पूजा-अर्चना कर आरती की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आश्रम में उपस्थित संतों का वन्दन कर आशीर्वाद प्राप्त किया. उन्होंने आश्रम में प्रसादी ग्रहण की. मुख्यमंत्री का श्री निजानंद धाम सेवा समिति द्वारा स्वागत सम्मान भी किया गया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आश्रम में सचिदानंद जी महाराज जी के शिष्य विवेक महाराज से भी मुलाकात की.

# अनूपपुर-उमरिया जिले में आरेंज अलर्ट

## न्यूनतम तापमान में सभी संभागों के जिलों में परिवर्तन नहीं

**40 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 28 अगस्त. प्रदेश के ग्वालियर, रीवा, सागर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभागों के जिलों में पिछले 24 घंटो के दौरान शुक्रवार को बारिश दर्ज की गई.**



शनिवार को अधिकांश जिलों में बारिश की संभावना मौसम विभाग ने जताई है. अनूपपुर और उमरिया जिले में तेज बारिश की संभावना को लेकर अरेंज अलर्ट जारी किया गया है. इसके साथ ही रायसेन, नर्मदापुरम, सीधी, कटनी, भोपाल, बैतूल, हरदा, खंडवा, मुरैना, रीवा, शहड़ोल सहित 40 जिलों में बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है. बारिश के दौरान जिलों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना जताई गई है.


> इसके साथ ही जलस्त्रोतों वाली जगह पर जाने से रोकने के लिए भी लोगों को अलर्ट किया गया है. मौसम विभाग के मुताबिक बीते घंटो में अधिकांश स्थानों चंबल, जबलपुर, शहडोल संभागों के जिलों में कहीं - कहीं वर्षा दर्ज की गई. शेष सभी संभागों के जिलों में मौसम सामान्य रहा. पिछले 24 घंटो में अधिकतम तापमान भोपाल, नर्मदापुरम, जबलपुर संभागों के जिलों में 2.1-2.6 डिग्री सेल्सिय रहा. सागर संभाग के जिलों में सामान्य से 5.2 एष्ट डिग्री सेल्सिय तक रहा. न्यूनतम तापमानों में सभी संभागों के जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ.

# जनगणना में ओबीसी का कॉलम जोड़ने की मांग

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 28 अगस्त. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने जनगणना के प्रपत्र में अन्य पिछड़ा वर्ग की पृथक गणना के लिए कॉलम जोड़ने की मांग की है.**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के मध्यप्रदेश राज्य सचिव कॉमरेड शैलेन्द्र शैली ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि वर्तमान जनगणना के प्रारूप में ओबीसी के लिए अलग से गणना का प्रावधान नहीं है. उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार बहुसंख्यक आबादी की वास्तविक संख्या को लेकर भ्रम की स्थिति बनाए रखना चाहती है. यह स्थिति ओबीसी के हित में नहीं है.



उन्होंने कहा कि ओबीसी के हितों की रक्षा और उन्हें आरक्षण का समुचित लाभ दिलाने के लिए ओबीसी की पृथक जनगणना बेहद जरूरी है. भाकपा ने देश के ओबीसी वर्ग से अपने वास्तविक हितों की रक्षा और पृथक जनगणना की मांग को लेकर एकजुट होने की अपील की.

उन्होंने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की मांग है कि जनगणना के प्रपत्र में ओबीसी के लिए अलग कॉलम जोड़ा जाए.

### गणपति घाट पर गेहूं से भरे ट्रॉले में लगी आग

**धार.** राऊ-खलघाट फोरलेन स्थित गणपति घाट की नई सड़क पर बीती देर रात गेहूं से भरे ट्रॉले में अचानक भीषण आग लग गई. देखते ही देखते आग ने पूरे ट्रॉले को अपनी चपेट में ले लिया.हादसे में ट्रॉला पूरी तरह जलकर खाक हो गया और उसमें भरा लाखों रुपये का गेहूं भी नष्ट हो गया. हालांकि चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. जानकारी के अनुसार इंदौर की ओर से आ रहे ट्रॉला क्रमांक आरजे 09 जीडी 5887 के पहियों के पास से अचानक आग की लपटें निकलने लगीं. खतरा भांपकर चालक ने तत्काल वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर दिया.

# रेलवे की शारीरिक दक्षता परीक्षा स्थगित

**31 अगस्त से 3 सितंबर तक होनी थी परीक्षा**

**भोपाल, 28 अगस्त. रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पश्चिम मध्य रेल ने केंद्रीयकृत रोजगार अधिसूचना संख्या सीईएन-08/2024 के तहत आयोजित होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया है. यह परीक्षा 31 अगस्त से 3 सितंबर तक, कुल चार दिन, रेलवे स्टेडियम, जबलपुर में आयोजित की जानी थी.**

रेलवे प्रशासन के अनुसार जबलपुर शहर में लगातार हो रही अत्यधिक बारिश के कारण रेलवे स्टेडियम के मैदान में जलभराव की स्थिति बन गई है.

> परीक्षा स्थगित होने के कारण यह यात्रा पास अब मान्य नहीं है. अभ्यर्थी इस पास का उपयोग कर यात्रा न करें. अमान्य पास पर यात्रा करने की पूरी जिम्मेदारी संबंधित अभ्यर्थी की होगी. रेलवे प्रशासन ने अभ्यर्थियों को दलालों और फर्जी नौकरी रैकेट से सावधान रहने की सलाह दी है. रेलवे में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष है और चयन केवल योग्यता के आधार पर किया जाता है.



मैदान दौड़ के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक नहीं होने तथा आगामी दिनों में भी भारी बारिश की संभावना को देखते हुए अभ्यर्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर परीक्षा स्थगित करने का निर्णय लिया गया है. रेलवे ने स्पष्ट किया है कि पीईटी की नई तारीखों की घोषणा जल्द ही अलग से आधिकारिक माध्यमों के जरिए की जाएगी. अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा की नई तिथियों और अन्य महत्वपूर्ण अपडेट के लिए पश्चिम मध्य रेल की आधिकारिक वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें. रेलवे ने ई-कॉल लेटर के साथ जारी किए गए द्वितीय श्रेणी मुफ्त रेल यात्रा प्राधिकार को लेकर भी महत्वपूर्ण सूचना दी है.

### बच्चों से बर्तन साफ कराने पर प्रधानाध्यापक निलंबित

**मुरैना.** शासकीय प्राथमिक विद्यालय खरगपुरा, विकासखंड पोरसा में छात्र-छात्राओं से मध्यान्ह भोजन के बाद बर्तन साफ कराए जाने का वीडियो वायरल होने के मामले में प्रभारी प्रधानाध्यापक सत्यप्रकाश कैन को निलंबित कर दिया गया है. कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी बीएस इंदोलिया ने प्रभारी प्रधानाध्यापक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर दो दिन में जवाब मांगा था. उनके द्वारा प्रस्तुत जवाब का परीक्षण करने पर उसे संतोषजनक नहीं पाया गया. प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर सत्यप्रकाश कैन को मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम, 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया.

# बुजुर्गों को लूट रहे 'डिजिटल डॉक्टर'

**ठगी का नया तरीका**

- सेहत से खिलवाड़ का नया जाल
- एआई से बनाए जा रहे फर्जी डॉक्टरों के वीडियो
- डर पैदा कर दवाएं बंद कराने तक की दे रहे सलाह

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 28 अगस्त. सोशल मीडिया पर एआई से तैयार किए जा रहे फर्जी डॉक्टरों के वीडियो बुजुर्गों के लिए नया खतरा बनते जा रहे हैं. सफेद कोट और गले में स्टेथोस्कोप पहने इन नकली डॉक्टरों को देखकर लोग उन्हें असली चिकित्सक समझ लेते हैं. इसके बाद वीडियो में घरेलू नुस्खे, दवाओं को लेकर गलत सलाह और गंभीर बीमारियों के बारे में डर पैदा करने वाले दावे किए जाते हैं.**

इन वीडियो में कभी कहा जाता है कि रात में सोने से पहले सावधानी नहीं बरती तो जान जा सकती है, तो कभी किसी बीमारी को लेकर भय पैदा किया जाता है. इसके बाद चिकित्सक घरेलू नुस्खे अपनाने या डॉक्टर की ओर से पहले से दी गई दवाएं बंद करने जैसी सलाह देते हैं. सेहत से खिलवाड़ के इस नये जाल में भोपाल के दो बुजुर्ग फंस चुके हैं. जिनसे साइबर जालसाज (डिजिटल डॉक्टर) ने अपनी दवा भिजवाने के बहाने 2.13 लाख रुपए ठग लिए. इतना ही नहीं जिस डॉक्टर से उनका इलाज चल रहा था, उसे भी डर दिखाकर बंद करा दिया.

> **फर्जी सलाह के फेर में लाखों लोग फंस रहे**
>
> वीडियो के टिप्पणी वाले हिस्से में लोगों की प्रतिक्रियाओं से पता चलता है कि कई बुजुर्ग इन एआई से बनाए गए डॉक्टरों को असली समझकर उनकी सलाह पर भरोसा कर रहे हैं. कुछ मामलों में नियमित रूप से ली जाने वाली दवाएं तक बंद करने की बात सामने आई है. पुलिस की जांच में सामने आया कि एआई की मदद से किसी असली डॉक्टर के चेहरे, आवाज और बोलने के अंदाज की नकल करके फर्जी वीडियो तैयार किए जा रहे हैं.



**एक्सपर्ट व्यू**

केवल सफेद कोट, स्टेथोस्कोप या डॉक्टर जैसी भाषा देखकर वीडियो को असली मान लेना खतरनाक है. स्वास्थ्य संबंधी वीडियो के आधार पर दवा शुरू या बंद न करें. पंजीकृत चिकित्सक से सीधे परामर्श लें. यह साइबर अपराधियों के हथकंडे हैं.

**शैलेन्द्र चौहान,** एडि. डीसीपी, क्राइम ब्रांच

### डिजिटल डॉक्टर की ऐसे करें पहचान

- वीडियो में किए जा रहे चमत्कारी दावों से सावधान रहें, जैसे कुछ दिनों में गंभीर बीमारी पूरी तरह ठीक करने का दावा.
- डॉक्टर का चेहरा, आवाज और बोलने का अंदाज असली जैसा दिखे, फिर भी वीडियो की सत्यता जरूर जांचें.
- सोशल मीडिया वीडियो देखकर अपनी चल रही दवा बंद या बदलें नहीं.
- वीडियो में दिए गए मोबाइल नंबर, लिंक पर सीधे संपर्क करने से बचें.

### लाखों रुपयों की ठगी की

**केस-1**

गुलमोहर कॉलोनी निवासी 65 वर्षीय रामचरण प्रजापति सरकारी विभाग से सेवानिवृत्त हैं और उन्हें मधुमेह की बीमारी है. 17 जुलाई को उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक डॉक्टर का वीडियो देखा. डॉक्टर ने पांच दिन में मधुमेह ठीक करने का दावा किया था. रामचरण ने वीडियो में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया. इसके बाद डॉक्टर ने दवा भेजने के नाम पर उनसे अलग-अलग किस्तों में 1 लाख 8 हजार रुपये ले लिए. न तो दवा भेजी गई और न ही रकम वापस की गई.

**केस-2**

द्वारिका नगर निवासी 68 वर्षीय देवचरण साहू स्किन एलर्जी से जुड़ी बीमारी से परेशान हैं. 12 अगस्त को उनके पोते संतोष ने उन्हें इंस्टाग्राम पर अपलोड एक चर्चित डॉक्टर का वीडियो दिखाया. वीडियो में दिए गए लिंक पर देवचरण ने क्लिक किया. इसके थोड़ी देर बाद उनके बैंक खाते से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए 1 लाख 5 हजार रुपये कट गए. उन्होंने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई. पुलिस की जांच में सामने आया कि वीडियो एआई जनरेटेड था. उसमें एपीके फाइल थी.

# महिलाओं ने हुनर से बढ़ाई परिवार की आय

## राखी मेले में 415 समूह दीदियों ने लिया हिस्सा

**4.79 लाख रुपये की बिक्री**

**मुरैना, 28 अगस्त. जिले में ग्रामीण महिलाएं अपने हुनर और मेहनत को बाजार से जोड़कर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं. मुरैना में आयोजित चार दिवसीय आजीविका राखी मेले ने महिलाओं को अपने उत्पादों और हुनर को बाजार तक पहुंचाने का अवसर दिया.**

तहसील कैलारस की ग्राम पंचायत मानपुर निवासी एवं बजरंग बाबा स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष प्रेमा बघेल ने मेले में नाश्ते की दुकान लगाकर चार दिनों में 19 हजार 500 रुपये की बिक्री की. प्रेमा बघेल ने बताया कि पहले दिन 5,500 रुपये, दूसरे दिन 3,000 रुपये, तीसरे दिन 4,000 रुपये और अंतिम दिन करीब 7,000 रुपये की बिक्री हुई. इससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई और परिवार की आय में योगदान का नया रास्ता तैयार हुआ. आजीविका राखी मेले में जिले के सभी सात विकासखंडों के 34 ग्रामों के 78 स्व-सहायता समूहों की 415 समूह दीदियों ने सहभागिता की. समूहों ने करीब 9 लाख 89 हजार रुपये मूल्य की राखियां तैयार कीं, जिनसे लगभग 3 लाख 65 हजार रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ. मेले में राखियों और अन्य उत्पादों की कुल 4 लाख 78 हजार 900 रुपये की बिक्री हुई.

> **आत्मनिर्भरता की राह मजबूत...**
>
> मेले ने प्रेमा बघेल जैसी अनेक ग्रामीण महिलाओं को अपने उत्पाद बेचने के साथ आर्थिक सशक्तिकरण का अवसर दिया. महिलाओं का कहना है कि बाजार और प्रोत्साहन मिलने से वे अपने हुनर के जरिए परिवार की आय बढ़ाने के साथ आत्मनिर्भरता की राह भी मजबूत कर सकती हैं.

### गाय से टकराई मोटरसाइकिल, 3 घायल

**भिण्ड.** जिले में नेशनल हाईवे-719 पर गुरुवार रात सड़क पर खड़ी गाय से मोटरसाइकिल टकराने से एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए. हादसा गोहद चौराहा थाना क्षेत्र के बिरखड़ी गांव के पास हुआ। घायलों में गोहद निवासी जितेंद्र जाटव, उनकी पत्नी अनीता और उनकी मां रायसिंह शामिल हैं. जानकारी के अनुसार तीनों एक ही मोटरसाइकिल से जा रहे थे. बिरखड़ी गांव के पास अंधेरे में सड़क पर खड़ी गाय दिखाई नहीं देने से बाइक उससे टकरा गई. टक्कर के बाद मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई और तीनों घायल हो गए. इसी दौरान प्रदेश सरकार के नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला निजी वाहन से मेहगांव से ग्वालियर जा रहे थे.

# ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच गिरा यात्री, तत्परता से बची जान

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 28 अगस्त. मंडल के वरिष्ठ सवारी गाड़ी प्रबंधक नमन पाठक की तत्परता और सूझबूझ से खंडवा रेलवे स्टेशन पर बड़ा हादसा टल गया. गंभीर दुर्घटना को टालते हुए घायल व्यक्ति को समय रहते सुरक्षित बाहर निकालकर इलाज के लिए भेजा गया.**

जानकारी के मुताबिक गाड़ी क्रमांक 17605 काचीगुडा-भगत की कोठी एक्सप्रेस खंडवा स्टेशन पर शुक्रवार को अपने निर्धारित ठहराव के पश्चात प्रस्थान कर रही थी. गाड़ी का खंडवा स्टेशन पर आगमन 17:53 बजे हुआ था तथा निर्धारित प्रस्थान समय 18:05 बजे था. प्रस्थान के दौरान प्लेटफॉर्म पर उपस्थित यात्रियों एवं आरपीएफ स्टाफ द्वारा वरिष्ठ सवारी गाड़ी प्रबंधक नमन पाठक को सूचना दी गई कि एक व्यक्ति गाड़ी एवं प्लेटफॉर्म के मध्य गिर गया है. सूचना मिलते ही पाठक ने बिना विलंब किए तत्परता का परिचय देते हुए प्रेशर ड्रॉप की प्रक्रिया के माध्यम से गाड़ी को रोका. इसके पश्चात आरपीएफ स्टाफ एवं अन्य उपस्थित कर्मचारियों की सहायता से घायल व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाला गया तथा आवश्यक उपचार हेतु भेजा गया. घटना की सूचना संबंधित रेलवे अधिकारियों को तत्काल प्रदान की गई.

**तीखा आक्रमण** | कांग्रेस प्रवक्ता ने कॉरपोरेट कर्ज राहत पर उठाए सवाल

# महंगाई पर कांग्रेस ने भाजपा को घेरा

- उद्योगपति को अरबों की राहत का मामला
- सत्तारुढ़ दल के नेता अब क्यों हैं चुप

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 28 अगस्त. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ. विक्रम चौधरी ने बढ़ती महंगाई और बड़े कॉरपोरेट कर्जदारों को कथित राहत दिए जाने को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है.**



डॉ. चौधरी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि एक समय भाजपा नेता गैस सिलेंडर लेकर सड़कों पर बैठते थे और प्याज की मालाएं पहनकर महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन करते थे. लेकिन अब जब फिर से महंगाई बढ़ रही है और आम जनता काफी परेशान है, तब भाजपा नेता मौन क्यों साधे हुए हैं. उन्होंने कहा कि मौजूदा हालातों में देश के लाखों नागरिक सरकार से इस बारे में पूछ रहे हैं.

> **दाम बढ़ने से घरेलू बजट पर पड़ा भारी दबाव**
>
> उन्होंने दावा किया कि रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल, दाल, खाद्य तेल, दूध, सब्जियों और अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ने से घरेलू बजट पर भारी दबाव पड़ा है. उनके अनुसार किसान, मध्यमवर्गीय परिवार और बेरोजगार युवा आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं .राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण में हाल के एक कॉरपोरेट कर्ज मामले का हवाला देते हुए उन्होंने करीब 22,000 करोड़ रुपये की कथित देनदारी का बहुत कम राशि में निपटारा किए जाने पर सवाल उठाया. उन्होंने पूछा कि क्या किसानों, छोटे व्यापारियों और आम नागरिकों को भी ऐसी राहत मिलती है. डॉ. चौधरी ने इसे 'दो भारत' की स्थिति बताते हुए सरकार से पूछा कि उसकी आर्थिक नीतियां आखिर किसके हित में हैं.